# भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,
# भोपाल (म.प्र.)

## श्वेत मक्खन एवं दुग्ध चूर्ण परिवहन कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदा

# भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,
# भोपाल (म.प्र.)

श्वेत मक्खन एवं दुग्ध चूर्ण परिवहन कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदा

निविदा क्र.: 24 दिनांक 13.05.2022

एम.पी.सी.डी.एफ. की इकाई भोपाल दुग्ध संघ द्वारा राहुरी तालुका सहकारी दुग्ध संघ, अहमदनगर, महाराष्ट्र की डेयरी से श्वेत मक्खन एवं दुग्ध चूर्ण का परिवहन किया जाना हैं। उक्त कार्य को करने के इच्छुक परिवहनकर्ता हेतु ऑन लाइन दरें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म क्रय, डाउनलोड एवं निविदा भरने की संपूर्ण कार्यवाही www.mptenders.gov.in पर दिनांक 14-5-2022 से संपादित की जा सकती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण/कार्य एवं शर्ते कार्यालय की वेबसाईट www.sanchibhopal.com पर देखी जा सकती हैं। निविदा में कोई भी परिवर्तन उपरोक्त वेबसाईट के अलावा अन्य स्त्रोत पर अधिसूचित नहीं किया जायेगा, इसलिए नियमित रूप से उपरोक्त वेबसाईट पर जाएँ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित को किसी एक या सभी निविदाओं को मान्य या अमान्य करने का पूरा अधिकार है।

| निविदा प्रपत्र की राशि रू0 | प्रति भूति राशि | निविदा दर भरने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा खुलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| #- 500/- | #- 1,00,000/- | 21-5-2022 05:00 PM | 23-5-2022 01:00 PM |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल

# भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,
# भोपाल (म.प्र.)

## अल्पकालीन निविदा प्रपत्र (ई–निविदा)

राहुरी तालुका सहकारी दुग्ध संघ, अहमदनगर, महाराष्ट्र की डेयरी संयंत्र/गोडाउन से भोपाल सहकारी दुग्ध संघ हबीबगंज भोपाल तक श्वेत मक्खन एवं दुग्ध चूर्ण परिवहन हेतु ई– निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्रति भूति राशि | कार्य की समय सीमा |
|---|---|---|---|
| **1** | 1. राहुरी तालुका सहकारी दुग्ध संघ, अहमदनगर, महाराष्ट्र | **#-** 1,00,000/- | कार्य आदेश के अनुसार |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**ANNEXURE-I**

# भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल (म.प्र.)

## FORM –A

– तकनीकी प्रपत्र –

1. निविदाकार का नाम – – – – – – – – – – – – – –
   (पिता के नाम सहित)
2. निविदाकार फर्म का नाम एवं पता – – – – – – – – – – – – – –
   – – – – – – – – – – – – – –
3. कार्यालय का पता – – – – – – – – – – – – – –
   (अ) दूरभाष/मोबाईल नम्बर – – – – – – – – – – – – – –
   (ब) E-Mail – – – – – – – – – – – – – –

4- निविदा के साथ जमा राशि – – – – – – – – – – – – – –
   विवरण (ऑन लाइन जमा की गई राशि का विवरण)

5. PAN No. – – – – – – – – – – – – – –
   (छायाप्रति अपलोड करे)
6. GST No. – – – – – – – – – – – – – –
   (छायाप्रति अपलोड करे)
7. FSSAI License No. – – – – – – – – – – – – – –
   (छायाप्रति अपलोड करे)
8. यदि पार्टनरशिप फर्म है तो – – – – – – – – – – – – – –
   (पार्टनर के नाम एवं पते अंकित करे)

नोट :–

**घोषणा**

एतद् द्वारा मै/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि ऊपर दिये गये विवरण मेरे/हमारे पूर्ण विवेक अनुसार सत्य है, तथा वे परिणामों के सम्पूर्ण परिज्ञान के साथ प्रस्तुत किये गये है। मैने/हमने संबंधित आमंत्रण पत्र, निविदा शर्तो तथा सूचीं को पूर्ण रूप से अध्ययन कर लिया है, वे मुझे/हमें मान्य है।

स्थानः–

दिनांक                                        निविदाकार के हस्ता. एवं सील

**ANNEXURE-II**

# ☙ निविदा शर्ते ❧

1. निविदा प्रपत्र पूर्ण कर निविदा प्रपत्र राशि रू. 500/-(रू. पाँच सौ मात्र) एवं प्रतिभूति राशि रू. 1,00,000/- (रू. पचास हजार मात्र) का ऑनलाइन www.mptenders.gov.in के माध्यम से भुगतान कर निविदा भरी जा सकेगी। प्रतिभूति राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा।

2. निविदाकर्ता की दर स्वीकृत होने पर न्यूनतम दर प्राप्त प्रथम निविदाकार की प्रतिभूति राशि को छोड कर शेष निविदाकर्ताओ की प्रतिभूति राशि वापिस हो जावेगी।

3. परिवहनकर्ता को परिवहन कार्य की सभी शर्तें मान्य होगी।

4. परिवहनकर्ता को तकनीकी निविदा के रूप में FORM-A, PAN, GST, FSSAI License/Registration No, Company/Firm Registration और ITR of 2 Assessment Year (2020-21, 2021-22) की छायाप्रति ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है। उपरोक्त दस्तावेज कम या निविदा अनुसार न पाये जाने की स्थिति में संबंधित निविदाकार की निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

5. परिवहन दर अनुमोदन के पश्चात प्रभावशील मानी जावेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल को आवश्यकतानुसार श्वेत मक्खन एवं दुग्ध चूर्ण की मात्रा को घटाने या बढ़ाने हेतु पूर्ण अधिकार रहेगा।

6. परिवहनकर्ता को परिवहन करने के पश्चात परिवहन का बिल भुगतान हेतु कार्यालय में माल प्राप्ति की रसीद के साथ प्रस्तुत करना होगा।

7. परिवहनकर्ता को जी.एस.टी. पृथक से देय होगा। जिसे देयक मे क्लेम करना होगा। अन्य टैक्स परिवहन दरों मे शामिल होगे।

8. परिवहनकर्ता द्वारा श्वेत मक्खन एवं दुग्ध चूर्ण की पूर्ण मात्रा निश्चित समयावधि में यदि परिवहन नहीं की जाती है तो संघ द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था करने पर अधिक लगने वाली राशि की वसूली परिवहनकर्ता से की जावेगी।

9. परिवहनकर्ता द्वारा दर अनुमोदन के उपरांत वाहन निर्देशानुसार नहीं भेजे जाते है, तो कार्य आदेश निरस्त कर अमानत राशि राजसात कर अन्य परिवहनकर्ताओ से कार्य कराया जावेगा।

10. निविदाकर्ताओं को यह विदित हो कि वे निविदा दरे प्रस्तुत करते समय ध्यान रखें कि ट्रकों मे श्वेत मक्खन एवं दुग्ध चूर्ण की मात्रा, प्रदेश एवं केन्द्र सरकार के परिवहन नियमों के अन्तर्गत ही भरा जावेगा।

11. एक अथवा समस्त निविदा को मान्य या अमान्य करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्या., भोपाल का रहेगा।

12. ठेके की अवधि कार्य आदेश जारी करने की दिनांक से 06 माह या कार्य समाप्ति तक रहेगी।

**13.** सामान्यतः परिवहन हेतु लगने वाले खाली वाहनों की मांग के विषय मे सूचना ठेकेदार को इस कार्यालय द्वारा दी जावेगी, परन्तु मूलतः संयंत्र की आवश्यकतानुसार परिवहन हेतु लगने वाले ट्रकों की मांग प्राप्त करना ठेकेदार का ही कर्तव्य होगा। ठेकेदार द्वारा वाहन उपलब्ध न कराने की दशा मे यदि अतिरिक्त वाहन द्वारा कार्य कराया जाता है तो ठेकेदार से अतिरिक्त परिवहन भुगतान राशि की वसूली द्वितीय पक्ष अर्थात परिवहन ठेकेदार के देयकों से की जावेगी।

**14.** परिवहन कार्य के लिये संघ द्वारा मांग करने पर 6 घंटे मे वाहन उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। वाहन उपलब्ध न कराने की स्थिति में संघ द्वारा अपने स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था कर कार्य कराया जावेगा जिसमें होने वाले अधिक भुगतान की राशि ठेकेदार के देयक से वसूल की जावेगी।

**15.** साधारणतः संघ मे वाहन खाली करने का समय कार्य दिवस मे प्रातः 9.00 से सायंकाल 5.00 बजे तक रहता है, तत्पश्चात वाहन आने पर संघ परिसर में खडा रहेगा। संघ परिसर में वाहन हाल्ट होने की स्थिति में अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा।

**16.** परिवहन ठेकेदार को किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नही किया जावेगा ।

**17.** परिवहन ठेकेदार को भुगतान हेतु अपना मुद्रित देयक दो प्रतियों मे वैधानिक जानकारी उल्लेखित कर माल प्राप्ति की वैध रसीद के साथ प्रस्तुत करना होगा।

**18.** नियमानुसार टैक्स का कटोत्रा देयकों से किया जावेगा, जी.एस.टी. पृथक से देय होगा, जिसे देयक मे क्लेम करना होगा।

**19.** प्रदायकर्ता द्वारा प्रदायित सामग्री की प्राप्ती चालान अनुसार प्राप्त की जा कर उसी अवस्था एवं मात्रा में भोपाल संघ को प्रदाय करना परिवहनकर्ता की जावाबदारी होगी।

**20.** परिवहन करते समय मार्ग मे किसी प्रकार की टूट–फूट नुकसान, दूध चूर्ण गीला होना, कमी आदि के लिये ठेकेदार स्वयं उत्तरदायी होगा तथा इससे संबंधित राशि उसके परिवहन देयक एवं अमानत राशि से वसूल की जावेगी।

**21.** लोडिंग/अनलोडिंग व्यय परिवहन ठेकेदार को वहन करना होगा।

**22.** परिवहन ठेकेदार या उसके प्रतिनिधियों का व्यवहार संस्था के अधिकारियों/कर्मचारियों व हम्मालों के साथ सौहादपूर्ण होना चाहिये। यदि ट्रक ड्रायवर की असावधानी से संघ की जान–माल, सम्पति आदि की कोई हानि होती है तो उसकी क्षतिपूर्ति का उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।

**23.** परिवहन ठेकेदार के वाहन पर कार्यरत कर्मचारियों के विरूद्ध सरकारी कानून अनुसार की जाने वाली कार्यवाही की जवाबदारी भी ठेकेदार की होगी व यदि इस बाबत् कोई हानि होगी तो राशि ठेकेदार से वसूल की जावेगी।

**24.** उपरोक्त शर्तो के अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी अथवा उनके अधीनस्थ अन्य अधिकारी द्वारा समय समय पर जो परिवहन संबंधी सूचनाये/आदेश दिये जावेगे, उनके पालन हेतु ठेकेदार बाध्यकारी होगा।

**25.** स्वीकृत दरें कार्य आदेश में वर्णित अवधि तक मान्य रहेगी, जो कि अपरिवर्तनीय होगी।

**26.** परिवहनकर्ता द्वारा श्वेत मक्खन का परिवहन रेफ्रीजरेटेड वाहन में किया जाना होगा। जिसका तापमान कम से कम –10 डिग्री सेल्सीयस होना चाहिये।

**27.** आर्बीट्रेशन–

- किसी भी प्रकरण में सामग्री/सेवा प्रदायक एवं दुग्ध संघ के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने पर प्रबंध संचालक, एमपीसीडीएफ को प्रकरण निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जा सकेगा।
- निराकरण न होने की स्थिति में आरबीट्रेशन एक्ट 1996 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

**28.** किसी भी वाद विवाद होने पर न्यायालयीन क्षेत्र भोपाल (म.प्र.) होगा।

**ANNEXURE-III**

## भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल (म.प्र.)

दरें केवल ऑनलाइन Excel format में भरी जावेगी।

| क्रमांक | कार्य का नाम | दर **#-** (प्रति में0टन) जी.एस.टी. पृथक से |
|---|---|---|
| 1 | श्वेत मक्खन परिवहन कार्य | केवल ऑनलाइन भरे |
| 2 | दुग्ध चूर्ण परिवहन कार्य | केवल ऑनलाइन भरे |

1 परिवहन दर में अन्य टैक्स शामिल होगें।

2 सामग्री की लोडिग व अनलोडिग व्यय परिवहनकर्ता द्वारा वहन की जावेंगी।

निविदाकार के हस्ता. एवं सील

# CHECK LIST BEFORE TENDER SUBMISSION

| S. No. | Tender Submission Check Points (mandatory documents) | Check before submission (write Yes or No) |
|---|---|---|
| 1. | Online tender Fee and EMD payment transaction acknowledgement | |
| 2. | FORM-A तकनीकी प्रपत्र (पूर्ण रूप से भरा हुआ) (with seal & sign) | |
| 3. | PAN Card Copy (with seal & sign) | |
| 4. | GST Certificate Copy (with seal & sign) | |
| 5. | FSSAI License/Registration Copy (with seal & sign) | |
| 6. | Company/Firm Registration Copy (with seal & sign) | |
| 7. | ITR of Assessment Year (2020-21, 2021-22) (with seal & sign) | |
| 8. | Any Other documents (with seal & sign) …………………………………………...…………..…. | |

- उपरोक्त सभी दस्तावेजों की छायाप्रति, निविदाकार के हस्ता. एवं सील के साथ आनलाइन जमा करना अनिवार्य है।
- उपरोक्त दस्तावेज कम या निविदा अनुसार न पाये जाने की स्थिति में संबंधित निविदाकार की निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

Signature Not Verified

Digitally signed by Jai Vardhan Singh Bhadouria
Date: 2022.05.14 01:29:29 IST
Location: Madhya Pradesh-MP